This question paper contains 8+4 printed pages]

# HPSAS (Main)—2016

## HINDI

## (General Hindi)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 150

1. निम्नलिखित अंग्रेजी अवतरण का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 30

**What are the good parts of our civilization ? First and foremost there are order and safety. If today I have a quarrel with another man, I do not get beaten merely because I am physically weaker and he can kick me down. I go to law, and the law will decide as fairly as it can between the two of us. Thus in disputes between man and man right has taken the place of might. Moreover, the law protects me from robbery and violence. Nobody may come**

and break into my house, steal my goods or run off with my children. Of course there are burglars, but they are very rare, and the law punishes them whenever it catches them. It is difficult for us to realize how much this safety means. Without safety these higher activities of mankind which make up civilization could not go on. The inventor could not invent, the scientist find out or the artist make beautiful things.

अथवा

Pandit Omkarnath Thakur's mother was cheated out of her husband's share of the family's assets, and left destitute, along with her four children. A strong-willed woman, she moved the family to neighbouring Bharuch, did menial tasks as a domestic servant, and

brought up the children. From the age of five or six, Omkarnathji started contributing to the family's resources by working as a domestic servant, as a cook's assistant, as a labourer in a taxtile mill, and as an occasional singer-actor in local theatrical productions. When his father took to "Sanyas" and went to live alone in a little hut on the banks of the River Narmada, young Omkarnathji would run many miles and even swim across the Narmada so that he could reach his father's hut, clean, sweep and cook for him and fill pitchers of water for his use ! He fetched wood from tree branches floating in the river, which he would sell for money for his family.

2. निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या कीजिए : 15

(अ) 'विचार' और 'वाणी' एक दूसरे से पृथक् नहीं किए जा सकते। वे एक ही वस्तु के दो विभाग हैं। 'विचार' और 'कल्पना' भाषा द्वारा प्रगट किए जाते हैं। यही साहित्य है। पदार्थ साहित्य नहीं, पदार्थों का शब्दरूपी संकेत भी साहित्य नहीं और केवल शब्द भी साहित्य नहीं—'विचार' का नाम साहित्य है। ये विचार भाषा द्वारा प्रगट किए जाते हैं। जिस प्रकार अग्नि से प्रकाश का जुदा होना असम्भव है उसी प्रकार वाणी या भाषा के बिना 'विचार' का होना असम्भव है।

**अथवा**

वास्तव में स्त्री अब केवल रमणी या भार्या नहीं रही, वरन् घर के बाहर भी समाज का एक विशेष अंग

तथा महत्वपूर्ण नागरिक है, अतः उसका कर्त्तव्य भी अनेकाकार हो गया है जिसके पालन में कभी-कभी ऐसे संघर्ष के अवसर आ पड़ते हैं, जिसमें किंकर्तव्यविमूढ़ हो जाना पड़ता है। वह क्या करे और क्या न करे, उसका कार्यक्षेत्र केवल घर है या बाहर या दोनों ही, इस समस्या का अब तक समाधान नहीं हो सका है। अन्य प्रगतिशील देशों की जाग्रत स्त्रियाँ पुरुष के समान ही अपने जीवन को व्यवस्थित तथा कार्य-क्षेत्र को निर्धारित कर सकती हैं तथा उसका मातृत्व या पत्नीत्व उसे अपना विशिष्ट मार्ग खोजने से नहीं रोक सकता और न उसके जीवन को घर की संकीर्ण सीमा तक ही सीमित रख सकता है।

(ब) निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिए : 15

कुछ काम करो, कुछ काम करो
जग में रह कर कुछ नाम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो
कुछ तो उपयुक्त करो तन को
नर हो, न निराश करो मन को।

सँभलो कि सुयोग न जाय चला
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला
समझो जग को न निरा सपना
पथ आप प्रशस्त करो अपना
अखिलेश्वर है अवलम्बन को
नर हो, न निराश करो मन को।

**अथवा**

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

डुबकियाँ सिन्धु में गोताखोर लगाता है
जा–जा कर खाली हाथ लौटकर आता है

मिलते नहीं सहज मोती गहरे पानी में
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर निबंध लिखिए : 40

(क) भारतीय समाज और भ्रष्टाचार

(ख) राजनीति और टीवी के न्यूज चैनल

(ग) आधुनिकता और आधुनिक बोध

(घ) कला की सामाजिकता

(ङ) राष्ट्रवाद।

4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 20

(1) वह दिल्ली से वापस लौट रहा हैं।

(2) गर्म गाय का दूध लाभकारी होता है।

(3) रमेश ने कई वर्ष तक वहाँ नौकरी की।

(4) उसे अनेकों बार समझाया, पर उसने चोरी करना नहीं छोड़ा।

(5) हिंदी साहित्य में स्त्री कवयित्रियाँ अपेक्षाकृत कम हैं।

(6) मैं यह काम नहीं किया हूँ।

(7) मैं सोमवार के दिन विश्वविद्यालय जाऊँगा।

(8) मैंने तेरे को कितना समझाया।

(9) ऐसा सम्भव नहीं हो सकता।

(10) तुम तो बड़ा आगे बढ़ गया!

5. (क) निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 10

(1) फूटी आँख न सुहाना

(2) जैसी करनी वैसी भरनी

(3) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

(4) अब पछताए होत क्या जब चिड़ियाँ चुग गईं खेत

(5) दूध का जला छाछ भी फूँक-फूँक कर पीता है

(6) रातों की नींद उड़ना

(7) कसीदे काढ़ना

(8) आप बुरा जग बुरा

(9) कौवा चला हंस की चाल

(10) बूँद-बूँद से भरे सरोवर।

(ख) निम्नलिखित शब्दों के हिंदी में अर्थ लिखिए : 10

(1) **Defaulter**

(2) **Defame**

(3) **Leftist**

(4) Vocational

(5) Substitute

(6) Preview

(7) Commercial

(8) Extortion

(9) Instantaneous

(10) Extract.

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए **एक** शब्द बताइए : 5

(1) हाथी जैसी चाल वाली

(2) जिसका कोई दोष न हो

(3) मोक्ष की इच्छा रखने वाला

(4) ऐसी परम्परा जो अब उपयोगी न रह गई हो

(5) जिसका कोई काम करने का मन न करता हो

(घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए : 5

(1) मित्र

(2) स्त्रीलिंग

(3) निन्दा

(4) निठल्ला

(5) विष।